[This question paper contains 04 printed pages]
इस प्रश्न पत्र में 04 मुद्रित पृष्ठ हैं

Roll Number / रोल नंबर: ______________

HPAS Etc. Combined Competitive (Main) Examination, 2019
हि.प्र.प्र.से. आदि संयुक्त प्रतियोगी (मुख्य) परीक्षा, 2019

Hindi (in Devnagri Script) / हिंदी (इन देवनागरी स्क्रिप्ट)

Time Allowed: 3 Hours | Maximum Marks: 100
अनुगत समय: 3 घंटे | अधिकत्तम अंक: 100

Note / नोट:

1. This question paper contains total five questions and all questions are compulsory.
   इस प्रश्न पत्र में कुल पांच प्रश्न हैं तथा सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
2. Marks are divided and indicated against each part of the question. Write answer in legible handwriting. Each part of the question must be answered in sequence and in the same continuation.
   प्रश्न के अंकों को विभाजित कर प्रश्न के प्रत्येक भाग के विरूद्ध इंगित किया गया है। उत्तर स्पष्ट लिखावट में लिखें। प्रश्न के प्रत्येक भाग का उत्तर उसी क्रम में दिया जाना चाहिए।
3. Failure to adhere to word limit may be penalized.
   शब्द सीमा का पालन करने में विफलता दंडित किया जा सकता है।
4. Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in answer book must be clearly struck off.
   प्रश्नों के उत्तरों की गणना क्रमानुसार की जाएगी। यदि काटा नहीं है, तो प्रश्न के उत्तर की गणना की जाएगी चाहे वह उत्तर अंशतः दिया गया हो। उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़ा हुआ पृष्ठ या उसके अंश को स्पष्ट रूप से काटा जाना चाहिए।
5. *Re-evaluation / Re-checking of answer book is not allowed.*
   उत्तरपुस्तिका के पुनर्मूल्यांकन / पुन: जाँच की अनुमति नहीं है।

---

1. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 300 शब्दों में सारगर्भित निबंध लिखिए : (30)

   (i) सोशल मीडिया : चुनौतियां और संभावनाएँ

   (ii) नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 और कौशल विकास

   (iii) समान नागरिक सहिंता : पक्ष एवं विपक्ष

2. (a) निम्नलिखित अंग्रेजी गद्यांश का हिंदी में अनुवाद कीजिये : (10)

   In the broadest sense of the term, development conveys the ideas of improvement, progress, well-being and an aspiration for a better life. Through its notion of development a society articulates what constitutes its vision for the society as a whole and how best to achieve it. However, the term development is also often used in a narrower sense to refer to more limited goals such as increasing the rate of

economic growth, or modernising the society. Development has unfortunately often come to be identified with achieving pre-set targets, or completing projects like dams, or factories, hospitals, rather than with realising the broader vision of development which the society upholds. In the process some sections of society may have benefited, while others may have had to suffer loss of their homes, or lands, or way of life, without any compensatory gains.

(b) निम्नलिखित हिंदी गद्यांश का अंग्रेजी में अनुवाद कीजिये : (10)

दुनिया भर में कृषि - योग्य भूमि में अब कोई बढ़ोतरी नहीं हो रही जबकि मौजूदा उपजाऊ जमीन के एक बड़े हिस्से की उर्वरता कम हो रही है। चारागाओं के चारे ख़त्म होने को हैं और मत्स्य - भंडार घट रहा है। जलाशयों की जलराशि बड़ी तेजी से कम हुई है उसमें प्रदूषण बढ़ा है। इससे खाद्य - उत्पादन में कमी आ रही है। संयुक्त राष्ट्र संघ की मानव विकास रिपोर्ट के अनुसार विकासशील देशों की 66.3 करोड़ जनता को स्वच्छ जल उपलब्ध नहीं होता है। इस वजह से 30 लाख से ज्यादा □□□□□ हर साल मौत के शिकार होते हैं। प्राकृतिक वन जलवायु को संतुलित रखने में मदद करते हैं इनसे जलचक्र भी संतुलित बना रहता है। इन्हीं वनों में धरती की जैव - विविधता का भण्डार भरा रहता है लेकिन ऐसे वनों की कटाई हो रही है और लोग विस्थापित हो रहे हैं। जैव – विविधता के भण्डार की हानि जारी है और इसका कारण है उन पर्यावासों का विध्वंस जो जैव - प्रजातियों के मामले में समृद्ध है।

3. (a) निम्नलिखित पद्यांश की व्याख्या कीजिये : (10)

मानव ने पायी देश काल पर जय निश्चय
मानव के पास नहीं मानव का आज हृदय ।
चर्चित उसका विज्ञान ज्ञान : वह नहीं पचित
भौतिक मद से मानव आत्मा हो गयी विजित ।
है □□□□□□□**य** मनुज का भौतिक संचय का प्रयास,
मानवी भावना का क्या पर उसमें विकास ?
चाहिए विश्व को आज भाव का नवोन्मेष,
मानव डर में फिर मानवता का हो प्रवेश ।
बापू। तुम पर हैं आज लगे जग के लोचन,
तुम खोल नहीं पाओगे मानव के बंधन ?

(b) निम्नलिखित गद्यांश की अपने शब्दों में व्याख्या कीजिये : (10)

यदि किसी को अपने देश से सचमुच प्रेम है तो उसे अपने देश के मनुष्य, पशु, पक्षी, लता, गुल्म, पेड़, वन, पर्वत, नदी, निर्झर आदि सबसे प्रेम होगा, वह सबको चाहभरी दृष्टि से देखेगा; वह

सबकी सुध करके विदेश में आंसू बहाएगा। जो यह भी नहीं जानते कि कोयल किस चिड़िया का नाम है, जो यह भी नहीं सुनते की चातक कहाँ चिल्लाता है, जो यह भी आँख भर नहीं देखते कि आम प्रणय - सौरभपूर्ण मंजरियों से कैसे लदे हुए हैं, जो यह भी नहीं झांकते कि किसानों के झोपड़ों के भीतर क्या हो रहा है, वे यदि बस बने - ठने मित्रों के बीच प्रत्येक भारतवासी की औसत आमदनी का परता बताकर देश - प्रेम का दावा करें तो उनसे पूछना चाहिए कि भाइओं, बिना रूप परिचय का यह प्रेम कैसा ? जिनके दुःख - सुख के तुम कभी साथी नहीं हुए, उन्हें तुम सुखी देखना चाहते हो, यह कैसे समझें ?

4. (a) निम्नलिखित मुहावरों / लोकोक्तियों का अर्थ लिखते हुए उनका वाक्यों में प्रयोग कीजिये : (4)

(i) अधजल गगरी छलकत जाय

(ii) आस्तीन का सांप

(iii) कूप - मंडूक होना

(iv) ढाक के तीन पात

(b) निम्नलिखित शब्दों का संधि - विच्छेद कीजिये : (4)

(i) रूपांतरण

(ii) चर्मोत्कर्ष

(iii) ज्योतिर्मय

(iv) कामायनी

(v) वाग्देवी

(vi) दिवसांत

(vii) नयन

(viii) प्रतीक

(c) निम्नलिखित उपसर्ग और प्रत्ययों से दो - दो शब्द बनाइए : (4)

<u>उपसर्ग</u>

(i) उद्

(ii) सत

<u>प्रत्यय</u>

(i) अक

(ii) इयत

(d) निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक - एक शब्द लिखिए : (4)

(i) जिस पर उपकार किया गया हो

(ii) जो इन्द्रियों द्वारा न जाना जा सके

(iii) किसी प्रस्ताव का समर्थन करने की क्रिया

(iv) आगे का विचार न कर सकने वाला

(e) निम्नलिखित शब्दों के शुद्ध रूप लिखिए : (4)

(i) हसताक्षेप

(ii) श्रीमती

(iii) संग्रहीत

(iv) अलोकीक

(v) कवित्री

(vi) अनतराष्ट्रीय

(vii) शृगार

(viii) समसमायिक

(f) निम्नलिखित शब्दों के विलोम - शब्द लिखिए : (4)

(i) पूर्ववर्ती

(ii) तामसिक

(iii) अतिवृष्टि

(iv) कृत्रिम

(v) पुरस्कार

(vi) विस्तृत

(vii) स्थूल

(viii) स्थावर

5. यथा निर्देश उत्तर दीजिये : (6)

(i) 'पथभ्रष्ट' और 'पंचवटी' में कौन सा समास है?

(ii) 'पक्षी' और 'अन्वेषण' शब्दों के दो - दो पर्यायवाची शब्द लिखिए।

(iii) 'दूध' और 'आंख' शब्दों के तत्सम रूप लिखिए।

(iv) 'कर्म' और 'क्रम' समान दिखने वाले इन दोनों शब्दों के अर्थ लिखिए।

(v) 'वीभत्स' और 'श्रृंगार' रसों के स्थायी भाव लिखिए।

(vi) 'मेरे को कुछ याद नहीं आ रहा।' वाक्य का शुद्ध रूप लिखिए।